आईआईएम रांची के निदेशक बनाए गए प्रो दीपक

रांची। प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव को आईआईएम रांची का निदेशक बनाया गया है। उन्होंने गुरुवार को पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। निवर्तमान निदेशक प्रभारी प्रो प्रदीप कुमार बाला से कार्यभार ग्रहण किया।

प्रो दीपक पहले डीन अकादमिक थे। उनके पास 20 वर्ष से अधिक का शैक्षणिक अनुभव है। उन्होंने कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में अतिथि शिक्षण और शोध कार्य किया है। इनमें यूनिवर्सिडैड पैनामेरिकाना, मैक्सिको सिटी (मेक्सिको), कॉगिन कॉलेज ऑफ बिजनेस, उत्तरी फ्लोरिडा विश्वविद्यालय, जैक्सनविल (यूएसए) और तुर्कू विश्वविद्यालय फिनलैंड जैसे संस्थान से जुड़ाव रहा है।

Hindustan_19.08.2022_Pg. 03